**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 15.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ जिले में मोरन बाईपास पर पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन किया।

2. डाक विभाग ने भारत की कठपुतली विषय पर आठ स्मारक डाक टिकटों का सेट जारी किया।

3. जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण की ओर से भातुबस्ती में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

4. प्रशासनिक कारणों के चलते एम.वी. नालंदा की कल की लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम की यात्रा स्थगित कर दी गई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले में कुछ संगठनों द्वारा कल अंडमान बंद का आह्वान किया गया है। इसके मद्देनज़र भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने आदेश जारी कर कहा कि बन्द का आह्वान करना और उसे लागू करना असंवैधानिक है, किसी भी संगठन को आम नागरिको के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करना या उनपर रोक लगाने का अधिकार नहीं है। यह आदेश कल पूरे दक्षिण अंडमान जिले में प्रभावी रहेगा। प्रशासन द्वारा जारी आदेश में किसी भी व्यक्ति या संगठन को सड़कों, राजमार्गों, बस एवं शिपिंग मार्गों, शैक्षणिक संस्थानों, पर्यटक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवरोध उत्पन्न करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। सार्वजनिक एवं निजी बसों, टैक्सियों, ऑटो, फेरी सेवाओं तथा अन्य वाहनों की आवाजाही में बाधा डालना भी निषिद्ध रहेगा। बिना पूर्व अनुमति रैली, जुलूस, धरना या प्रदर्शन करने तथा पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक रहेगी। किसी भी प्रकार की धमकी देकर दुकानें, कार्यालय या संस्थान बंद कराने की अनुमति नहीं होगी। विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थानों के आसपास किसी भी प्रकार का विरोध–प्रदर्शन प्रतिबंधित किया गया है, ताकि परीक्षाएं और शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

<><><><><><><>

पुलिस अधीक्षक को संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त बल तैनात करने, परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने और नियमित गश्त के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन एवं शिपिंग विभाग को सभी निर्धारित सेवाएं

सामान्य रूप से संचालित करने को कहा गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम जनता से शांति बनाए रखने और कानून–व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कल सभी सरकारी स्कूल और कॉलेज सामान्य रूप से संचालित होंगे तथा वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी। डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा भी तय समय पर संपन्न होगी। प्रशासन ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से निर्धारित समय पर परीक्षा में शामिल होने की अपील की है।

उधर, शिक्षा निदेशालय ने भी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कल आयोजित होने वाली कक्षा नवीं तथा कक्षा ग्यारहवीं की परीक्षाएं निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार ही संपन्न होंगी। सभी जोनल अधिकारियों एवं संस्थानों के प्रधानों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने–अपने अधीन विद्यालयों में परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। पाँच दिवसीय यह एक्सपो इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के साथ आयोजित किया जा रहा है। जिसके जरिए आटिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यवहारिक उपयोग का प्रदर्शन किया जाएगा। इस एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्ज़रलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित तेरह देशों के पवेलियन लगाए जाएंगे, जो एआई क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को प्रदर्शित करेंगे। एक्सपो में तीन सौ से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव डेमोंस्ट्रेशन होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तीन प्रमुख विषयों– पीपल, प्लैनेट और प्रोग्रेस पर आधारित है। इसमें छह सौ से अधिक स्टार्टअप भी भाग लेंगे। आयोजन के दौरान पांच से अधिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में एआई के प्रभाव और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा होगी। इस कार्यक्रम में ढाई लाख से अधिक आगंतुकों के शामिल होने की संभावना है। इंडिया–एआई इम्पैक्ट समिट 2026, का उद्देश्य स्वास्थ्य, कृषि और शासन क्षेत्रों में एआई के बेहतर उपयोग को को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फीनिक्स बे जेट्टी और बम्बूफ्लैट जेट्टी के बीच संचालित फेरी सेवाओं में बढ़ोतरी की है। संशोधित समय–सारिणी कल से लागू होगी। बढ़ती यात्री संख्या और बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त फेरी सेवाएं जोड़े गए हैं। इससे दैनिक आवागमन करने वाले यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी और प्रतीक्षा समय में कमी आएगी। संशोधित कार्यक्रम के तहत सुबह छ बजकर पन्द्रह मिनट पर फीनिक्स बे से पहली यात्री फेरी रवाना होगी, जबकि वाहन फेरी सात बजे चलेगी। इसके अलावा सात बजकर पन्द्रह मिनट, आठ बजकर पन्द्रह मिनट, नौ बजकर पन्द्रह मिनट तथा साढ़े दस बजे भी यात्री फेरियां उपलब्ध रहेंगी। दोपहर और शाम के समय में भी कई फेरियां संचालित होंगी, जिनमें बारह बजे, दो बजे, तीन बजकर पन्द्रह मिनट, पांच बजकर पन्द्रह मिनट, छ बजकर पन्द्रह मिनट, सात बजकर पन्द्रह मिनट तथा आठ बजकर पन्द्रह मिनट की सेवाएं शामिल हैं। बम्बूफ्लैट से फीनिक्स बे के लिए भी संशोधित समय के अनुसार सुबह पांच बजकर पन्द्रह मिनट में पहली फेरी होप टाउन मार्ग से रवाना होगी। इसके बाद नियमित अंतराल पर दिनभर फेरियां संचालित होंगी।

<><><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में कक्षा 10वीं और 12वीं की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षाएं 17 फरवरी से प्रारंभ होगी। इस वर्ष द्वीपसमूह से कुल दस हजार पांच सौ पिचासी परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। नियमित एवं निजी परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु पूरे केंद्र शासित प्रदेश में कुल सैंतालीस परीक्षा केंद्र चिन्हित किए गए है। सीबीएसई द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि परीक्षा के संचालन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नई द्वारा केंद्र अधीक्षक एवं पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। परीक्षाओं की निगरानी एवं विद्यार्थियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

<><><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, द्वारा आई सी ए आर–कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से 27 एवं 28 फरवरी को सी आई ए आर आई मेला ग्राउंड, गाराचरामा परिसर में 'द्वीप किसान मेला–2026' का आयोजन किया जाएगा। यह दो दिवसीय किसान केंद्रित कार्यक्रम अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह की परिस्थितियों के अनुरूप सतत एवं जलवायु सहिष्णु कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मेले का मुख्य आकर्षण "फल एवं सब्ज़ी प्रतियोगिता होगी, जिसमें किसान अपने स्थानीय रूप से उत्पादित एवं विशिष्ट कृषि उत्पादों का प्रदर्शन कर सकेंगे। यह प्रतियोगिता

द्वीपीय कृषि बागवानी में गुणवत्ता, विविधता एवं नवाचार को पहचान देने के साथ–साथ उत्पादन मानकों में सुधार एवं मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करेगी। यह मेला किसानों, महिला किसानों, मत्स्य एवं पशुपालन क्षेत्र के हितधारकों, स्वयं सहायता समूहों, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप्स, विस्तार कर्मियों तथा विद्यार्थियों को आई सी ए आर के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर प्रदान करेगा।

<><><><><><><>